प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिमाचल प्रदेश के अपने पांच दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन आज सुबह शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान का दौरा किया। इस दौरान सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रपति को कमान की कार्य प्रणाली से अवगत कराया। बाद में राष्ट्रपति अनाडेल हैलीपैड से नई दिल्ली के लिए रवाना हुईं। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता और मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने उन्हें गरिमापूर्ण विदाई दी। इस मौके पर पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी और पुलिस व सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बुद्ध पूर्णिमा

आज बुद्ध पूर्णिमा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि सरकार भगवान बुद्ध के आदर्शों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भगवान बुद्ध के विचार समाज में प्रसन्नता और एकता की भावना को मजबूत करेंगे।

इस बीच, प्रदेश भर में बुद्ध पूर्णिमा को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। नाहन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और पार्टी के अन्य नेताओं ने महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बिंदल ने कहा कि भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को शांति का संदेश दिया और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं।

सी.पी.आर.आई.

शिमला स्थित केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में आज एक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेशभर से आए किसानों के अलावा वैज्ञानिकों और उद्योगपतियों ने भाग लिया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के महानिदेशक डॉक्टर मांगीलाल जाट ने इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि रसायन मुक्त आलू की खेती को बढ़ावा देना समय की ज़रूरत है, क्योंकि रसायनों का छिड़काव न केवल किसानों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि मिट्टी की उर्वरता को भी नुकसान पहुंचाता है। महानिदेशक ने रोगमुक्त आलू किसानों तक पहुंचाने में संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की।

एलपीजी इंडियन ऑयल

एल.पी.जी के 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। संशोधित कीमत आज से प्रभावी हो गई है। हालांकि, घरेलू एल.पी.जी. सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह बढ़ोतरी तेल विपणन कंपनियों द्वारा किए जाने वाले नियमित मासिक मूल्य अपडेट का हिस्सा है। अधिक ब्यौरा इस रिपोर्ट में——

श्रम दिवस

आज विश्वभर के श्रमिकों को सम्मानित करने के लिए श्रम दिवस मनाया जा रहा है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन विश्व भर में आर्थिक और सामाजिक अधिकारों की प्राप्ति में श्रमिकों के बलिदान को याद किया जाता है। वर्ष 1886 में, अमरीका में श्रमिकों ने प्रतिदिन आठ घंटे काम करने की मांग को लेकर एक बड़ा प्रदर्शन किया जो शिकागो में हिंसक हो गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

....